1044
18/2/13

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

खण्ड - 6 संख्या - 8, 9, 10

एकादश

# बिहार विधान-सभा (वादवृत्त)

सत्यमेव जयते

भाग - 1

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर

तिथि 3, 4, 5 जुलाई, 1996 ई०

1. क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिलान्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ बरही प्रमंडल के अधीन पटना-राँची रोड को सीधा करने हेतु 10 वर्ष पूर्व उरमा भोगी डीह ग्राम के ग्रामीणों को जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहण किया गया जिसके मुआवजे का भुगतान अभी तक संबंधित किसानों को नहीं किया गया है?

2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक अधिग्रहित जमीन के मुआवजे का भुगतान संबंधित किसानों को करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री :** 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. भूतल परिवहन मंत्रालय भारत सरकार से अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की राशि प्राप्त होने पर भुगतान किया जाएगा। जिसके लिए भारत सरकार को मांग पत्र भेजा गया है।

## पथ की मरम्मत

463. **श्री लाल बाबू प्रसाद :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी से ढाका तथा ढाका से घोड़ासाहन पी०डब्लू०डी० की स्थिति अत्यन्त जर्जर है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त पथ को जनहित में मरम्मत कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक नहीं तो क्यों?

1. उत्तर अस्वीकारात्मक है। आवागमन चालू है। कुछ किमी. में पानी के जमाव के कारण पथ अधिक क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसमें विशेष मरम्मति की आवश्यकता है। इसे इस वित्तीय वर्ष में मरम्मत करने का कार्यक्रम है।